# HSBC Mutual Fund

# भारत की हर ख़रीदारी को बनाएं आपके पोर्टफोलियो की ताक़त।



पेश है

## एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड

थेमैटिक (विषयबद्ध) – एक ओपन एंडेड ईक्विटी योजना, जो खपत की थीम का पालन करती है

एनएफओ शुरू होने की तिथि: 10 अगस्त 2023
एनएफओ समाप्त होने की तिथि: 24 अगस्त 2023
दुबारा खुलने की तिथि: 7 सितंबर 2023

भारत आज वहीं खड़ा है, जहाँ CY06 में चीन खड़ा था। तब से आज तक, चीन ने सभी श्रेणियों में खपत के ख़र्च में ज़ोरदार तेज़ी देखी है और हमारा मानना है कि भारत भी इसी राह पर चलेगा। भारत अपने जनसांख्यिक आँकड़ों, अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण, काम–काज़ के क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते योगदान इत्यादि के कारण बिल्कुल सकारात्मक स्थिति में है। तकनीक को ज़्यादा अच्छी तरह समझने वाले और सोशल मीडिया से प्रभावित अभिलाषी भारतीय क्रेडिट का इस्तेमाल करके तुरंत पैसे ख़र्च करने के लिये तैयार हैं। हम खपत को असंगठित क्षेत्र से सुसंगठित क्षेत्र में क़दम रखते देख रहे हैं और उपभोक्ता हर जगह हर चीज़ ख़रीदने के लिए तैयार हैं। इससे आने वाले दशक में खपत तेज़ी से बढ़ने की संभावना है। एचएसबीसी इंडिया कन्ज़म्प्शन फंड का लक्ष्य होगा देश में इस मज़बूत लहर का लाभ लेना।

एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड कन्ज़म्प्शन के क्षेत्र में न्यूनतम 80% और कन्ज़म्प्शन के बाहर 20% तक के निवेश के साथ तेज़ वृद्धि और स्थिरता की संभावना देता है।

### एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड के साथ लगातार आगे बढ़ें

| कन्ज़म्प्शन + | ज़्यादा विकास + | निरंतरता = | एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड |
|---|---|---|---|
| यह फंड कन्ज़म्प्शन के क्षेत्र में कार्यरत या इस क्षेत्र से लाभ लेने का अनुमान रखने वाली कंपनियों के सक्रिय रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो द्वारा लंबी अवधि में पूंजी बढ़ाने में सहायक हो सकता है। | प्रवेश, मूल्यवृद्धि और असंगठित से सुसंगठित की ओर झुकाव कन्ज़म्प्शन को बढ़ा रहा है। | कन्ज़म्प्शन सेक्टर के कुछ सेक्टर आर्थिक मंदी में भी निरंतर विकास प्रदान कर रहे हैं। | कन्ज़म्प्शन के क्षेत्र में न्यूनतम 80% और कन्ज़म्प्शन के बाहर 20% तक के निवेश के साथ यह फंड ज़्यादा विकास और निरंतरता देता है। |

## कन्ज़म्प्शन के बढ़ने के कारण

**जनसंख्या की मीडियन (मध्यस्थ) उम्र**

| 2010 | 2021 | 2030 |
|---|---|---|
| 25.4 | 29.0 | 31.8 |

**प्रति व्यक्ति आय**

| 2010 | 2021 | 2031 |
|---|---|---|
| $1,360 | $2,278 | $5,242 |

**उपभोक्ता पिरामिड**

| | |
|---|---|
| धनी और ऊपरी मध्यम वर्ग आमदनी वाले परिवार | 39% |
| मध्यम आमदनी वाले परिवार | 45% |
| निम्न मध्यम आमदनी वाले परिवार | 13% |

**ख़र्च करने की उम्र वाली जनसंख्या का हिस्सा (15-64 वर्ष)**

| 2010 | 2021 | 2030 |
|---|---|---|
| 64.1% | 67.4% | 68.4% |




**ग्रामीण/शहरी आमदनी में अंतर (शहरी/ग्रामीण प्रति व्यक्ति आमदनी)**

| 2010 | 2021 | 2030 |
|---|---|---|
| 2.1x | 1.8x | 1.4x |

**शहरीकरण (शहरी जनसंख्या का हिस्सा)**

| 2010 | 2021 | 2030 |
|---|---|---|
| 31% | 35% | 40% |

**इंटरनेट की पहुंच**

| 2010 | 2021 | 2031 |
|---|---|---|
| 8% | 47% | 65% |

**छोटे परिवार (परिवारों का औसत आकार)**

| 2010 | 2021 | 2030 |
|---|---|---|
| 5.0 | 4.6 | 4.5 |

**सुसंगठित मार्केट शेयर**

| | |
|---|---|
| रीटेल | 12% |
| फूड (खाद्य) सर्विस | 33% |
| पेंट्स | 70% |


**ऑनलाइन ख़रीदारों की पहुंच (इंटरनेट उपभोक्ताओं के % के रूप में)**

| 2010 | 2021 | 2031 |
|---|---|---|
| 4% | 41% | 70% |


स्रोत – एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, ब्लूमबर्ग, BCG X Rai 2022, **सिर्फ स्पष्टीकरण के उद्देश्य से।**

## प्रवेश, मूल्यवृद्धि और असंगठित से सुसंगठित की ओर झुकाव कन्ज़म्प्शन को बढ़ा रहा है


**यात्री वाहनों की पहुंच^**





**ज्वेलरी (गहनों) का ट्रेंड सुसंगठित**




**भारतीय मोबाइल फोन बाज़ार (दस लाख युनिट्स में, वित्त वर्ष 17-22)**



स्रोत: स्पार्क कैपिटल रीसर्च, ब्लूमबर्ग, 30 जून 2023 तक का डाटा, ^भारत में प्रति 1000 व्यक्ति यात्री वाहन रखने वाले लोगों का % । **सिर्फ स्पष्टीकरण के उद्देश्य से।**

## एचएसबीसी कन्ज़म्पशन फंड का लक्ष्य

एचएसबीसी कन्ज़म्पशन फंड ज़्यादा विस्तृत ट्रेंड्स/थीम्स से मिलने वाले अवसरों का लाभ लेने का प्रयास करेगा, जैसे

| असंगठित से सुसंगठित की ओर झुकाव | पहुंच के कारण वृद्धि | उभरती श्रेणियाँ | मूल्यवृद्धि | डिजिटाइज़ेशन |
|---|---|---|---|---|

- यह फंड कन्ज़म्पशन और कन्ज़म्पशन से संबंधित थीम में कार्यरत कंपनियों का सक्रिय रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो है।
- फंड के पोर्टफोलियो में न्यूनतम 80% निवेश कन्ज़म्पशन में और 20% निवेश कन्ज़म्पशन के बाहर के अन्य सेक्टर्स में होगा।

**एचएसबीसी कन्ज़म्पशन फंड के साथ कई तरह के लाभ पाएं**

## निवेश की रणनीति – एचएसबीसी कन्ज़म्पशन फंड (HCOF)

**कन्ज़म्पशन थीम में न्यूनतम 80% का निर्धारित निवेश**

भारत में कन्ज़म्पशन ट्रेंड से लाभ लेने वाली कंपनियों का सक्रिय रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो

न्यूनतम 80% पोर्टफोलियो कन्ज़म्पशन थीम के अनुसार निवेश करेगा

**शेष 20% में फ्लेक्सिबिलिटी है**

सहायक मार्केट ट्रेंड का लाभ लेने के लिए, फंड 20% तक का निवेश कन्ज़म्पशन थीम के बाहर अन्य सेक्टर्स में करने की फ्लेक्सिबिलिटी रखता है

जैसे वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र की कंपनियाँ और बैंक, जो कन्ज़म्पशन में तेज़ी लाएंगे

**टॉप-डाउन पद्धति**

मैक्रोइकॉनमिक (बृहद-आर्थिक) घटक

उद्योग/थीम में अवसर

इनवेस्टमेंट टीम द्वारा कन्ज़म्पशन के क्षेत्र में कार्यरत या उससे लाभ मिलने की संभावना रखने वाली कंपनियों के विश्लेषण के आधार पर उनमें निवेश किया जाएगा

**बॉटम-अप पद्धति**

स्मॉल और मिड कैप के विजेताओं को पहचानने के लिए आवश्यक

व्यापार, उद्योग संरचना और अन्य संबंधित कंपनियों की तुलना में व्यापार की मज़बूती पर ध्यान

साथ ही प्रबंधन की गुणवत्ता, कंपनी की आर्थिक ताक़त और कमाई के मुख्य साधनों पर विशेष ध्यान

**फंड शुद्ध कन्ज़म्पशन थीम में 80% आवंटन से लाभ पा सकेगा**

## सभी आकारों में अवसर – - LEAP

**लार्ज कैप - अग्रणी**

सर्वश्रेष्ठ 100 कंपनियाँ

- अच्छी तरह जमे हुए व्यापार
- लंबे ट्रैक रेकॉर्ड के साथ पुराने दिग्गज व्यापार
- ज़्यादा लिक्विडिटी
- कमाई में स्थिर वृद्धि और कम उतार-चढ़ाव

**मिड कैप - उभरते अभिलाषी**

101वीं से 250वीं कंपनियाँ


- संभव लार्ज कैप्स
- विकास की ज़्यादा संभावना के साथ सिद्ध ट्रैक रेकॉर्ड
- लार्ज कैप्स के मुक़ाबले ज़्यादा उतार-चढ़ाव
- री-रेटिंग के कई दावेदारों के साथ संभव मूल्यांकन

**स्मॉल कैप - पर्ल्स**

251वीं कंपनी और उससे आगे

- आला और उभरते व्यापार
- विकास की ज़्यादा संभावना
- अन्य की तुलना में ज़्यादा उतार-चढ़ाव और कम लिक्विडिटी
- ज़्यादा रीसर्च की आवश्यकता

**कन्ज़म्प्शन इंडेक्स निवेश की सभी अवधियों में स्थिर प्रदर्शन देने की संभावना रखता है**




स्रोत: MFI ICRA, NSE, जून '13 से जून '23 तक इंडेक्स मूल्यों का इस्तेमाल करते हुए संबद्ध अवधियों के लिए दैनिक रोलिंग रिटर्न्स, डाटा 30 जून 2023 तक, संयोजित वार्षिक वृद्धि दर (CAGR), **पिछला प्रदर्शन भविष्य में जारी रह भी सकता है और नहीं भी।**

## लगातार आगे बढ़े एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड के साथ

एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड लंबी अवधि में तेज़ विकास और स्थिरता दे सकता है, जिसमें न्यूनतम 80% निवेश कन्ज़म्प्शन इंडेक्स में और 20% तक निवेश इसके बेंचमार्क के बाहर होगा, जिसके अंतर्गत कन्ज़म्प्शन के मुख्य सहायकों पर ध्यान दिया जाएगा।

**निवेश का उद्देश्य**

फंड का निवेश संबंधी उद्देश्य है कन्ज़म्प्शन और कन्ज़म्प्शन संबंधी गतिविधियों में कार्यरत या उनसे लाभ लेने की संभावना रखने वाली कंपनियों की ईक्विटी और इक्विटी संबंधी सिक्योरिटीज़ के सक्रिय रूप से प्रबंधित पोर्टफोलियो द्वारा लंबी अवधि में पूंजी बढ़ाना। हालांकि, योजना के निवेश संबंधी लक्ष्य पूरे होने का कोई आश्वासन या गारंटी देना संभव नहीं है।

| बेंचमार्क | फंड मैनेजर |
|---|---|
| निफ़्टी इंडिया कन्ज़म्प्शन इंडेक्स TRI | गौतम भूपाल और सोनल गुप्ता (विदेशी निवेशों के लिए) |

**Reach us** 1800 200 2434
www.assetmanagement.hsbc.co.in

Follow us on

**प्रॉडक्ट लेबलिंग**

**एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड** (कन्ज़म्प्शन की थीम का पालन करने वाली एक ओपन एंडेड ईक्विटी योजना)


**यह प्रॉडक्ट निम्नलिखित के इच्छुक निवेशकों के लिए उपयुक्त है*:**

- लंबी अवधि में पैसे बनाना
- मुख्यतः कन्ज़म्प्शन और कन्ज़म्प्शन संबंधी गतिविधियों में कार्यरत या उनसे लाभ लेने की संभावना रखने वाली कंपनियों की इक्विटी और ईक्विटी संबंधी सिक्योरिटीज़ में निवेश

***अपने लिए प्रॉडक्ट की उपयुक्तता को लेकर संदेह होने पर निवेशकों को अपने आर्थिक सलाहकारों की राय लेनी चाहिए।**


(बेंचमार्क: निफ़्टी इंडिया कन्ज़म्प्शन इंडेक्सTRI

*Riskometer of the Scheme




Investors understand that their principal will be at Very High risk

Riskometer of the Benchmark




NFO के दौरान की गयी प्रॉडक्ट लेबलिंग योजना या मॉडल पोर्टफोलियो की विशेषताओं के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित है और NFO के बाद वास्तविक निवेश किए जाने पर इनमें अंतर संभव है

स्रोत – एचएसबीसी म्यूचुअल फंड, ICRA MFI, 30 जून '23 तक का डाटा, अधिक जानकारी के लिए एचएसबीसी कन्ज़म्प्शन फंड की SID देखें

**अस्वीकरण:**

यह दस्तावेज़ एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (HSBC) द्वारा सिर्फ जानकारी के उद्देश्य से बाज़ार की समीक्षा प्रस्तुत करने के इरादे के साथ तैयार किया गया है और इसे एचएचबीसी म्यूचुअल फंड के किसी भी फंड को ख़रीदने का प्रस्ताव या आग्रह नहीं माना जाना चाहिए। इस दस्तावेज़ में दी गयी सभी जानकारियाँ (तीसरे पक्षों से प्राप्त जानकारियों समेत), एचएसबीसी द्वारा विश्वसनीय माने जाने वाले स्रोतों से प्राप्त की जाती हैं, लेकिन एचएसबीसी/तीसरे पक्ष द्वारा इसकी स्वतंत्र रूप से जाँच नहीं की गयी है। साथ ही इस जानकारी की सटीकता या पूर्णता को लेकर एचएसबीसी / तीसरा पक्ष कोई गारंटी, प्रस्तुति या वॉरंटी नहीं देता और और इस संबंध में कोई भी ज़िम्मेदारी या देयता स्वीकार नहीं करता। दस्तावेज़ के भीतर मौजूद जानकारियाँ और सुझाव प्रकाशन के समय सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारियों और कर की दरों पर आधारित हैं, जो समय-समय पर बदल सकते हैं। सुझावों की अभिव्यक्ति सिर्फ एचएसबीसी की है और बिना किसी पूर्व सूचना या इत्तला के इनमें बदलाव संभव है। इसका संबंध इस दस्तावेज़ को प्राप्त करने वाले किसी व्यक्ति के विशिष्ट निवेश संबंधी उद्देश्यों, आर्थिक स्थिति और विशिष्ट ज़रूरतों से नहीं है। निवेशकों को इस रिपोर्ट में व्यक्त सिक्योरिटीज़ या निवेश रणनीतियों के औचित्य को लेकर आर्थिक सलाह लेनी चाहिए और समझना चाहिए कि भविष्य की संभावनाओं को लेकर किए गए दावे पूरे हो भी सकते हैं और नहीं भी। न तो यह दस्तावेज़ और न ही एचएसबीसी म्यूचुअल फंड की युनिट्स किसी भी क्षेत्र में पंजीकृत है। कुछ क्षेत्रों में इस दस्तावेज़ के वितरण पर सीमा या संपूर्ण रोक लागू हो सकती है और तदनुसार, इस दस्तावेज़ को प्राप्त करने वाले किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार के प्रतिबंधों का ध्यान रखना चाहिए।

यह दस्तावेज़ सिर्फ उन लोगों के लिए है, जो भारत के भीतर इसका इस्तेमाल करते हैं और सिर्फ भारतीय सीमा के भीतर इसके वितरण की अनुमति है। भारत के बाहर रहने वाले किसी भी व्यक्ति या विदेशी नागरिकों के बीच (निवेशक, भावी निवेशक या डिस्ट्रिब्यूटर समेत) के बीच इसके वितरण पर सख़्त प्रतिबंध है। न तो यह दस्तावेज़ और ही एचएसबीसी म्यूचुअल फंड्स की युनिट्स किसी विदेशी क्षेत्र में सुरक्षा कायदों/कानूनों के अधीन पंजीकृत कराई गयी हैं। कुछ क्षेत्रों में इस दस्तावेज़ का वितरण ग़ैरकानूनी हो सकता है या इसके वितरण पर सीमा या संपूर्ण रोक लागू हो सकती है और तदनुसार, इस दस्तावेज़ को प्राप्त करने वाले किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार के प्रतिबंधों का ध्यान रखना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति भारत के बाहर इस दस्तावेज़ का इस्तेमाल करने का फैसला करता है, तो वह व्यक्ति अपने जोखिम पर ऐसा करेगा, और एचएसबीसी तथा उसकी ग्रुप कंपनियाँ ऐसे व्यक्ति द्वारा ऐसा किए जाने के कारण किसी भी स्थानीय कानून या कायदों के उल्लंघन के लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगी।

**म्यूचुअल फंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेज़ ध्यान से पढ़ें**

© Copyright. HSBC Asset Management (India) Private Limited 2023, ALL RIGHTS RESERVED.

एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, 9-11 मंज़िलें, नेस्को आइटी पार्क, बिल्डिंग नं. 3, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, गोरेगाँव (पूर्व), मुंबई - 400063, भारत।
investor.line@mutualfunds.hsbc.co.in | Website: www.assetmanagement.hsbc.co.in